# कक्षा 5 हिन्दी (वीणा)

## अभ्यास प्रश्न पत्र – 4

**(सत्र – 2026-27)**

**निर्धारित समय:** 2 घंटे | **अधिकतम अंक:** 50

**सामान्य निर्देश:**

▪ सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
▪ प्रश्न-पत्र को चार भागों में बाँटा गया है।
➤ भाग क (पठन) – 10 अंक
➤ भाग ख (लेखन) – 10 अंक
➤ भाग ग (व्याकरण) – 10 अंक
➤ भाग घ (पाठ्यपुस्तक) – 20 अंक
▪ प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

## भाग-क (पठन)

**1. दिए गए गद्यांश को पढ़िए।** **[5]**

एक पेड़ केवल अपने लिए नहीं जीता। उसकी छाया में मनुष्य आराम करता है, पक्षी अपना घर बनाते हैं और अनेक छोटे जीवों को आश्रय मिलता है। पेड़ गर्मी में ठंडी छाया देता है और वातावरण को सुंदर बनाता है। यदि हम अपने आसपास पेड़ लगाए और उन्हें पानी दें, तो हमारा वातावरण अधिक हरा-भरा और सुखद हो सकता है। इसलिए पेड़ों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

क. पेड़ की छाया में कौन आराम करता है?

i. केवल पक्षी  ii. मनुष्य
iii. केवल छोटे जीव  iv. कोई नहीं

ख. पक्षी पेड़ों पर क्या बनाते हैं?

i. खिलौने  ii. घर
iii. सड़क  iv. कपड़े

ग. पेड़ वातावरण को कैसा बनाता है?

i. सूखा  ii. सुंदर
iii. गंदा  iv. शोरपूर्ण

घ. पेड़ों की रक्षा करना किसकी जिम्मेदारी है?

i. केवल माली की
ii. केवल बच्चों की
iii. हम सभी की
iv. केवल किसान की

ङ. 'आश्रय' का अर्थ है-

i. सहारा/रहने का स्थान
ii. भोजन
iii. पानी
iv. खेल

**2. 'जागो प्यारे' कविता के आधार पर सही उत्तर चुनिए।** **[5]**

नभ में न्यारी लाली छाई,
धरती ने प्यारी छवि पाई।
भोर हुआ सूरज उग आया,
जल में पड़ी सुनहरी छाया।
ऐसा सुंदर समय न खोओ,
मेरे प्यारे अब मत सोओ।

क. नभ में कैसी लाली छाई?

i. काली
ii. न्यारी
iii. गहरी नीली
iv. हरी

ख. भोर होने पर कौन उग आया?

i. चाँद
ii. सूरज
iii. तारा
iv. बादल

ग. जल में कैसी छाया पड़ी?

i. काली
ii. सुनहरी
iii. लाल
iv. हरी

घ. कवि किस समय को खोने से मना करता है?

i. रात के समय को
ii. सुंदर सुबह के समय को
iii. दोपहर के समय को
iv. शाम के समय को

ङ. 'नभ' का समानार्थी शब्द है-

i. आकाश
ii. धरती
iii. जल
iv. हवा

## भाग-ख (लेखन)

**3. 'साङ्केन' पाठ से प्रेरित होकर अपने मित्र को किसी ऐसे त्योहार के बारे में पत्र लिखिए जिसे मनाना आपको सबसे अच्छा लगता है। [5]**

प्रिय मित्र ________,

आशा है तुम स्वस्थ हो।

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

तुम्हारा मित्र / तुम्हारी मित्र : ________________

**अथवा**

**'त्योहारों से हमें क्या सीख मिलती है?' विषय पर 8–10 वाक्य लिखिए।**

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

**4. नीचे दिए गए संकेतों की सहायता से कहानी पूरी कीजिए। [5]**

एक दिन एक बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। अचानक उसे पेड़ के नीचे एक घायल चिड़िया मिली। उसने चिड़िया को ध्यान से उठाया और सोचा कि इसे सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए। उसने घर जाकर

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

**अथवा**

**'मेरा प्रिय पशु' विषय पर 8–10 वाक्यों में वर्णन कीजिए।**

________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________
________________________________________________________________

## भाग-ग (व्याकरण)

**5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×1 = 5]**

क. 'धरती' शब्द का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

ख. 'सुंदर' का विलोम शब्द लिखिए।

ग. वाक्य में सर्वनाम पहचानकर लिखिए— 'वह अपने घर चला गया।'

घ. वाक्य में क्रिया पहचानकर लिखिए— 'चिड़िया उड़ गई।'

ङ. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिए— 'जिम्मेदारी / जिम्मेदारी / जिमेदारी'

**6. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×1 = 5]**

क. मुहावरे 'आँखों का तारा' का अर्थ लिखिए।

________________________________________________________________

ख. 'जो पढ़ाता है' के लिए एक शब्द लिखिए— ______________

ग. 'बड़ा' शब्द से एक वाक्य बनाइए।

________________________________________________________________

घ. रिक्त स्थान भरिए— 'सूरज _________ है। (उगता/सोता)'

ङ. वाक्य में विशेषण पहचानिए— 'सुंदर फूल बगीचे में खिले हैं।'

## भाग-घ (पाठ्यपुस्तक)

**7. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×2 = 10]**

क. 'पेड़ का जादू' पाठ में पेड़ होने से गिलहरी और चिड़ियाँ घर के पास क्यों आने लगीं?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ख. 'जागो प्यारे' कविता में सुबह के समय प्रकृति के कौन-कौन से दृश्य दिखाई देते हैं?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ग. 'साङ्केन' में लोग एक-दूसरे के चेहरों पर चावल का आटा क्यों लगा रहे थे?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

घ. 'सुंदरिया' कहानी में सुंदरिया के दूध से हीरासिंह को क्या लाभ था?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ङ. 'चतुर चित्रकार' में शेर के सामने बैठकर चित्र बनवाने का चित्रकार को क्या लाभ मिला?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**8. 'न्याय की कुर्सी' कहानी में चौथी मूर्ति ने राजा से क्या कहा और राजा के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया? [3]**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**अथवा**

**'साङ्केन' में मंदिर और मूर्तियों से जुड़ी तैयारियों का वर्णन कीजिए।**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**9. 'होली आई, होली आई' कविता में होली के अवसर पर गाँव और लोगों के वातावरण का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।** **[3]**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

**10. 'चाँद का कुरता' कविता के आधार पर समझाइए कि चाँद के बदलते आकार के कारण उसकी माँ के लिए कुरता सिलवाना कठिन क्यों था।** **[4]**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

**अथवा**

**'सुंदरिया' कहानी में सेठ और हीरासिंह के व्यवहार की तुलना करते हुए बताइए कि दोनों में क्या अंतर दिखाई देता है।**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________